卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 154 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦13 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## यूसीसी विधेयक पर राष्ट्रपति ने लगाई मुहर

### अब नियमावली बनते ही उत्तराखंड में हो जाएगा लागू



देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार द्वारा बनाये गये ऐतिहासिक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। अब नियमावली बनने के बाद इसे राज्य में लागू कर दिया जाएगा। यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी की पुष्टि सचिव गृह शैलेश बगोली ने की है। उत्तरसखंड के राज्यपाल ने यूसीसी विधेयक राष्ट्रपति को भेजा था। राजभवन ने इस पर विचार करने के बाद विधायी विभाग को भेजा था। विधायी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया है। चूंकि यह संविधान की समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए बिल अनुमोदन के लिए राज्यपाल से राष्ट्रपति को भेजा गया था। उत्तराखंड विधानसभा से यूसीसी बिल पास होने के बाद इसे राजभवन भेजा गया था। इस पर राष्ट्रपति भवन को फैसला लेना था। अब राष्ट्रपति से मुहर लगने के बाद यूसीसी राज्य में कानून लागू हो जाएगा। आजादी के बाद देश का पहला समान नागरिक संहिता विधेयक उत्तराखंड 2024 विधानसभा में पास हो गया था। विधानसभा सदन में विधेयक ध्वनिमत से पास हुआ था। (शेष पेज सात पर)

## भाजपा जिलाध्यक्ष की कार दुघर्टना में मौत,पत्नी और बच्चे भी घायल

हरिद्वार। हरिद्वार बहादराबाद से धनोरी की ओर जा रहे ट्रक एवं धनोरी की ओर से आ रही भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष की कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में जिलाध्यक्ष की मौत हो गई। जबकि पत्नी व बच्चे घायल हो गए।बुधवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष परिवार सहित जा रहे थे, तभी उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। सूचना पर पहुंची बहादराबाद पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल और बहादराबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। ट्रक चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया। बहादराबाद बाजार चौकी प्रभारी प्रदीप राठौर ने बताया कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय कुमार (45) की मौत हो गई। पत्नी सुमन देवी और बेटा अभिजीत सिंह 12 वर्ष जिला अस्पताल में भर्ती है, सुमन देवी की हालत गंभीर बताई जा रही हैं। बेटी तनुश्री 15 वर्ष, जया मेक्सवैल बहादराबाद में भर्ती है।



## अश्रु गैस गन का सेल फटने से एसएसपी व आरआई घायल

### पुलिस लाईन में कुमांऊ डीआईजी के निरीक्षण के दौरान हुआ हादसा



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आज पुलिस लाईन में उस समय हड़कम्प मच गया जब कुमांऊ डीआईजी के निरीक्षण के समय अश्रु गैस गन के डेमो के वक्त अचानक गन का सेल फट गया जिसकी चपेट में आकर एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी और आरआई मनीष शर्मा घायल हो गए। जिन्हें तत्काल उपचार के लिए किच्छा रोड़ स्थित निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार आज पुलिस लाइन में कुमाऊ डीआईजी डा. योगेन्द्र सिंह रावत द्वारा निरीक्षण किया जा रहा था। इस दौरान एसएसपी डॉ मंजू नाथ टीसी व आर आई मनीष शर्मा अश्रु गैस गन का डेमो लेने के लिए उसमें बैरल लोड़ करने लगे तो अचानक गन के बैरल का सेल फट गया जिसकी चपेट में आने से एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी और आरआई मनीष शर्मा घायल हो गए। अचानक हुई एस घटना से वहां मौजूद अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में घायल एसएसपी व आरआई को तत्काल उपचार के लिए मेडिसिटी हॉस्पीटल ले जाया गया। उपचार करने के बाद डाक्टरों ने बताया कि चिंता की कोई बात नहीं है। प्राथमिक उपचार कराने के बाद एसएसपी मंजूनाथ टीसी व आरआई मनीष शर्मा वापस पुलिस लाईन लौट आये।




## घर में फांसी पर लटका मिला वृद्धा का शव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला संजय नगर खेड़ा में गत रात्रि एक वृद्धा का शव उसके घर में संदिग्ध रूप से फांसी पर लटका मिला। घटना के दौरान सभी परिजन एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने गये थे। घर में वृद्धा अकेले ही मौजूद थी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मौहल्ला संजयनगर खेड़ा निवासी विमल राय की पुत्री रेनूका पत्नी असीम राय के देवर की शादी के समारोह के तहत गत रात्रि मौहल्ले के ही शिव मंदिर में मेंहदी का कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए विमल राय, उसका पुत्र दीपांकर राय, पुत्र वधू संजना, 2 वर्षीय पौत्र धीमान गये थे। घर में विमल की पत्नी करीब 65 वर्षीय विलासी राय ही अकेले मौजूद थी। कार्यक्रम के बाद जब परिजन घर वापस लौटे तो उन्होंने विलासी को कमरे में फांसी पर लटका देखा। जिससे परिजनों में चीख पुकार शुरू हो गई। शोर की आवाज सुनकर आस पड़ोस के कई लोग आ पहुंचे। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ( **शेष पेज सात पर** )

## बाइक से बाइक की भिड़ंत, दो की मौत

### लोहिया पुल पर देर रात हुआ हादसा

काशीपुर (उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र में लोहिया पुल के समीप देर रात मोटर साइकिल से मोटरसाइकिल की आमने-सामने से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टकराहट इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही दोनों बाइक चालकों ने दम तोड़ दिया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए उसे पीएम हाउस भेज दिया जहां से पोस्टमार्टम के बाद पुलिस द्वारा शवों को परिजनों के हवाले कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक ग्राम उधमावाला, थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी सचिन कुमार सैनी 19 वर्ष पुत्र महेंद्र कुमार सैनी मेहनत मजदूरी कर अपनी पढ़ाई किया करता है। बताया गया कि बीती रात्रि लगभग 9:30 बजे वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर काम पर से वापस घर ( **शेष पेज सात पर** )



### मृतक टीकाराम के जेब से रकम गायब

काशीपुर। मृतक टीकाराम के पुत्र चंद्रपाल ने पीएम हाउस में मुलाकात के दौरान बताया कि उसके पिता की जेब में 50 हजार से अधिक की रकम के अलावा एटीएम कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस आदि जरूरी दस्तावेज थे जिनका कोई पता नहीं चल सका। चंद्रपाल का कहना है कि घटना रात में घटित हुई। पिता का कुर्ता घटनास्थल से कुछ दूरी पर सुबह मिला जिसमें एक चाबी के अलावा कुछ नहीं था। चंद्रपाल का कहना है कि उसके पिता पिछले दो दिन से 90 हजार लिए हुए थे। इसमें से कुछ पैसे उन्होंने खड़कपुर देवीपुरा स्थित निर्माणाधीन मकान में काम करने वाले मजदूरों को दिए थे बाकी की रकम उनके जेब में थी जो नहीं मिल रही है।

## 'नौकरशाही' की नस-नस में 'भ्रष्टाचार', कैसे पार पाए 'सरकार'

### रोके नहीं रुक रहा पूल का खेल, सिंचाई विभाग के बाद अब लोक निर्माण विभाग के टेंडर में भी भ्रष्टाचार का खेला

**- अर्श-**

ऊधमसिंहनगर। सूबे की सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति और भ्रष्टाचारियों पर यथासंभव तमाम करारे प्रहारों के बावजूद उत्तराखंड में भ्रष्टाचार का ग्राफ लगातार बढ़ता ही जा रहा है। आलम यह है कि प्रदेश के वे इलाके भी, जो आज से पहले तक भ्रष्टाचार की संस्कृति से कमोवेश अछूते से थे, अब भ्रष्टाचार के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। पिछले दो-तीन साल के भीतर विजिलेंस द्वारा राज्य के भीतर की गई ब्राइबरी ट्रैप की कार्यवाहियों पर दृष्टिपात करें, तो हाल के दिनों में उधम सिंह नगर जिले में भ्रष्टाचार के सर्वाधिक मामले पकड़ में आए हैं और उधम सिंह नगर जिले ने भ्रष्टाचार के मामले में सूबे के एक अन्य मैदानी जिले हरिद्वार को पीछे छोड़ते हुए पहले पायदान पर कब्जा कर लिया है ।देखा जाए तो राज्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में यहां की नौकरशाही का बड़ा योगदान है। देखने में आया है कि सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के तमाम सामयिक प्रयासों के बावजूद उत्तराखंड की ढीठ नौकरशाही भ्रष्टाचार का कोई ना कोई रास्ता निकल ही लेती है ।राज्य की नौकरशाही ने इन दिनों भ्रष्टाचार का जो नया तरीका ईजाद किया है ,वह है- पूल का खेल। जिसके तहत किसी भी सरकारी कार्य के टेंडर आवंटन में ही मन माफिक खेल कर दिया जाता है ।यह खेल इतनी होशियारी और सफाई से किया जाता है कि सामान्यतया भ्रष्टाचार के इस खेल को कोई भांप ही नहीं पाता है ।बात उधम सिंह नगर जिले की करें तो हाल ही में जिले की भ्रष्ट नौकरशाही ने सरकारी टेंडरों में पूल के खेल का सहारा लेकर बड़ा गड़बड़ झाला करने की व्यूह रचना की थी, लेकिन उनकी करतूत मीडिया से छिपी नहीं रह सकी और टेंडर आवंटन में गड़बड़ी सार्वजनिक होने पर मामले की जांच करने का आश्वासन देना पड़ा ,लेकिन इस जांच की आंच किसी भ्रष्ट नौकरशाह तक पहुंच ही जाएगी ,इसकी संभावना बेहद कम है ।वह इसलिए क्योंकि जांच मजिस्टेरियल न होकर विभागीय है और विभागीय जांच में पक्षपात तथा लीपा पोती की गुंजाइश बनी ही रहती है। सो, हाल के दिनों में अच्छा खासा चर्चित हुए उपरोक्त दोनों मामले जिनमें पूल के खेल का सहारा लेकर टेंडर आवंटित किए गए हैं ,अगर विभागीय जांच की खानापूर्ति के पश्चात विमर्श से गायब हो जाएं तो यह आश्चर्य का विषय नहीं होगा। वैसे उपरोक्त से दोनों मामलों पर सतही दृष्टिपात से ही पूल के खेल के सहारे की भ्रष्टाचार की कहानी पूरी तरह स्पष्ट हो जाती है ।बात पहले मामले की करें ,तो यह मामला उधम सिंह नगर जिले के सिंचाई विभाग से संबंधित है। जिसमें15 फरवरी को रुद्रपुर के सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के कार्यालय में ई-टेंडर के माध्यम से गूलरभोज लगभगमें 50-50 लाख रुपए के पांच अलग-अलग ( **शेष पेज सात पर** )



# शिव शक्ति मंदिर रोड से अटरिया मोड की सड़क का किया शिलान्यास

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने आवास विकास क्षेत्र 1 .32 करोड़ की लागत से राज्य योजना के अंतर्गत ब्रहस्पति मन्दिर से अटरिया मोड़ तक जाने वाली महत्वपूर्ण सड़क का विधायक शिव अरोड़ा द्वारा फीता काटकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया, इस दौरान आवास विकास शिव शक्ति मंदिर के पास आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक शिव अरोड़ा का जोरदार स्वागत किया गया,वहीं इस रोड को लेकर स्थानीय लोगों में बहुत लंबे समय इसके निर्माण कार्य की मांग। कर रहे थे, जानकारी अनुसार विगत 15 वर्ष से इस रोड की हालत खस्ता थी,साथ ही बरसात में जल भराव से रोड पर आवागमन आम जनता के लिए मुश्किल हो जा रहा था ,स्थानीय लोगों द्वारा विधायक को इस जर्जर रोड की स्थिति से अवगत कराया गया तो वहीं विधायक शिव अरोड़ा ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपका विधायक इस रोड को बनवा कर देगा तो वहीं प्रदेश की विकास रूपी सोच





रखने वाली धामी सरकार के माध्यम से इस रोड को राज्य योजना में पास कराया गया इसके बाद यह बृहस्पति मंदिर से शिव मंदिर होते हुए अटरिया मोड तक महत्वपूर्ण मार्ग का विधायक शिव अरोड़ा द्वारा शिलान्यास कर दिया गया इससे स्थानीय लोगों में बहुत खुशी नजर आई। उन्होंने अपनी खुशी का इजहार विधायक शिव अरोड़ा को मिठाई खिलाकर किया वहीं विधायक ने कहा की इंटरलॉकिंग टाईल्स मार्ग बनने से इस रोड पर जल भराव की समस्या भी खत्म हो जाएगी और पहले के मुकाबले रोड चौड़ी बनेगी जो नाली से नाली तक चौड़ी होगी जिससे जाम लगने की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा विधायक शिव अरोरा ने कहा कि मैं अभी 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण नहीं हुआ उन्होंने विगत 15 दिन में 15 किलोमीटर से भी अधिक की रोड का विधानसभा में शिलान्यास कर दिया जिनमें कुछ का कार्य प्रगति पर है और कुछ बनकर तैयार होकर आम जन को समर्पित हो गई उन्होंने कहा कि वह कार्य करने में विश्वास रखते हैं उसको पूरे प्रामाणिकता के साथ करके भी दिखाएं। इस दौरान कार्यक्रम में राजेश जग्गा,रमेश कालरा,रीना जग्गा,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, आदेश शर्मा मनोज मदान, उमेश पसरिचा बिट्टू, विशाल बांगा,सीमा देवी बाबू सिंह चौहान,राधेश शर्मा, बृजमोहन ,नरेश ,जयपाल सिंह, अनिल ,परमजीत सिंह, सुभाष धमीजा, महेंद्र अदलखा,यशपाल शर्मा ,नवीन अरोड़ा , सतीश बजाज ,गुलशन बठला, जितेंद्र चिल्लाना, विवेक रस्तोगी, सुभाष राणा, प्रीतम सिंह ,राजेश कामरा, मयंक कक्कड़, गौरव राजपूत,, विक्की सैनी,विकास सागर व अन्य लोग मौजूद रहे।

# चोरियों को रोकने में नाकाम पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन

रामनगर(उद संवाददाता)ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र में पिछले लंबे समय से लगातार अज्ञात चोरों द्वारा घरों में की जा रही चोरियों का खुलासा न होने को लेकर ग्रामीणों का अब चौकी पुलिस



के खिलाफ रोष बढ़ने लगा है तो वहीं ग्रामीणों ने जहां एक और चौकी पुलिस की रात्रि गस्त पर कई सवाल खड़े किये है तो वही चोरो ने पुलिस के सुरक्षा दावों की भी पोल खोल दी है। मंगलवार की देर रात इसी गांव में मधुबन कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर इस घर में चोरी करते हुए पुलिस पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं घटना के विरोध में बुधवार को इस कॉलोनी में रहने वाली दर्जनों महिलाओं एवं पुरुषों ने पुलिस चौकी पहुंचकर पुलिस के खिलाफ जम कर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया ग्रामीणों का आरोप था कि पूर्व में भी उनकी कालोनी में आधा दर्जन से अधिक चोरियां हो चुकी है इसके संबंध में पुलिस को तहरीर देने के साथ ही कॉलोनी में चोरी की घटनाओं को बंद करने के लिए ज्ञापन भी दिया जा चुका है लेकिन चौकी पुलिस द्वारा आज तक कोई कार्रवाई न किए जाने से लगातार चोर अपना आतंक फैलाए हुए हैं घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सरस्वती देवी ने बताया कि जिस घर में रात चोरी हुई है वह घर उनके भाई पूरन सिंह का है तथा उनका भाई सेना में तैनात हैं और परिजन दिल्ली रहते हैं तथा यह महिला खुद घर की देखभाल करती है महिला का कहना है कि रात है इस घर के सभी तारे लगाकर अपने घर चली गई थी जब सुबह आकर देखा तो घर के अंदर चोरों ने अलमारी तोड़ने के साथ ही घर का सारा सामान उलट पलट किया था घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन ग्रामीणों ने चौकी में प्रदर्शन करते हुए सभी चोरियों का खुलासा शीघ्र करने की मांग की। ग्रामीणों के हंगामे की सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज नयाल चौकी पहुंचे और उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों से वार्ता कर शीघ्र घटना का खुलासा करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया।

# स्मैक सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को 13.35 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार विमल कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम के नेतृत्व में उ.नि.मनोज कुमार, प्रभारी चौकी खेड़ा, कानि. त्रिलोक सिंह, अशोक रावत व उमेश प्रसाद



द्वारा क्षेत्र मे चौकिंग के दौरान शीशमहल रामलीला मैदान के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता फैजल पुत्र सोहेल निवासी शारदा फैक्ट्री के सामने शीशमहल बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 13.35 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर फैजल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# सड़क हादसे में बुआ-भतीजे की मौत

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी में हुई एक रिश्तेदार की मौत के बाद दफन से वापस लौट रहे दढ़ियाल टांडा के लोगों की एक कार कालाढूंगी बाजपुर मार्ग में गड़प्पू जंगल में पेड़ से





टकरा गई। जिस हादसे में बुआ भतीजे की मौत हो गई। जबकि एक चार वर्षीय बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष भगवान महर कई पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। राहगीरों की मदद से घायलों को कालाढूंगी अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार टांडा बादली जिला रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी 24 वर्षीय फिरासत अली पुत्र अशरफ अली। 35 वर्षीय जुबेर उर्फ लाला पुत्र अकबर अली। 35 वर्षीय शाहनाज पत्नी जुल्फिकार, दढ़ियाल जिला रामपुर निवासी 35 वर्षीय मुसब्बिहा पत्नी हाजी शकीर चार वर्षीय बच्चे सहित अपनी कार संख्या यूपी 14 सीएफ 0234 से हल्द्वानी के किसी रिश्तेदार की मौत के बाद दफन से वापस लौट रहे थे कि कालाढूंगी से बाजपुर मार्ग में गड़प्पु जंगल में उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में मुसब्बिहा और फिरासत की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को कालाढूंगी अस्पताल से 108 सेवा से हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। जानकारी मिलने पर मृतकों की परिजन भी कालाढूंगी अस्पताल पहुंच गए, जिनका रो रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# धरने को यूकेडी के नेताओं का समर्थन

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। यहां गांव बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में सूरपुर चकलुवा में निर्माणाधीन एथेनॉल प्लांट के मानकों की स्थलीय निरीक्षण के साथ जांच होने तक निर्माण को रोके जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना 27 वें दिन भी जारी रहा। धरने पर पहुंचकर उत्तराखंड क्रांति दल के कुमाऊं मंडल प्रभारी भुवन चंद्र जोशी सहित कई नेताओं ने अपना समर्थन दिया। इस दौरान जोशी ने कहा कि जिस उद्देश्य के साथ उत्तराखंड की स्थापना की गई थी, नेताओं ने उस उद्देश्य को दरकिनार कर दिया है। उन्होंने कहा इस राज्य में राज्य




के लोगों की बात ही सरकार और उनके जनप्रतिधि सुनने को तैयार नहीं है, यह बड़े दुर्भाग्य की बात है। ग्रामीणों का कहना था कि बार बार मांग करने के बाद भी उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है, और ना ही उनके मांग पत्र पर आजतक कोई सार्थक कार्रवाई होती दिख रही है। इस दौरान प्रशांत अधिकारी, पुष्कर सिंह, सुबोध कुमार, रवि दिगारी, गुड्डू चौहान, जनार्दन जोशी, मोहन सिंह खोलिया, चंचल सिंह, प्रताप सिंह चौहान, मनीष सिंह बिष्ट, अली हुसैन, अजय मेहता, दीपक डोगरा, प्रेम सिंह, हरक सिंह, राजेंद्र सिंह जलाल, कमल जंतवाल आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में कंप्यूटर लैब का शुभारंभ

नानकमत्ता(उद संवाददाता)परमानंद कांडपाल सरस्वती शिशु मंदिर में आज कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया गया, संस्था के संस्थापक श्री चरणजीत सिंह और उनकी पत्नी दीक्षा द्वारा 5 कंप्यूटर शिशु मंदिर को भेंट किया, प्रधानाचार्य गौरी दत्त जुकरिया ने बताया कि विद्यालय में कंप्यूटर न होने के चलते बच्चों की कंप्यूटर शिक्षा प्रभावित त हो रही थी,इस दौर में कंप्यूटर शिक्षा अनिवार्य है, एनीथिंग विल



डु के संस्थापक चरणजीत सिंह के सहयोग से स्कूल में बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा मिलेगी, उन्होंने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल के बच्चों को कंप्यूटर क्लास ऑनलाइन भी मिलेगी, इस मौके पर वर्तमान अध्यक्ष प्रेम सिंह टूरना,राजेंद्र नाथ गोस्वामी,जगदीश चंद्र जोशी, आचार्य प्रकाश गहतोड़ी, लव कुश मिश्र, अर्चना, ललित,दीपा मनीष जोशी आदि मौके पर मौजूद थे


Free Skill Training
Program For OBC
Candidates

Placement Assistance

Sponsored by

INDIAN RAILWAY FINANCE CORPORATION

Job Role
● Assistant Beauty Therapist

HLFPPT Centre for Skills-
HLFPPT Skill Center Kashipur
Center Address: Gali No. 8
102 Opposite Himalyan Public School
Arya Nagar Kashipur 244713(U.K.)
Mob.: 7017804108

HLFPPT
Hindustan Latex Family Planning Promotion Trust
'not for profit', organization promoted by HLL Lifecare Ltd, a Mini Ratna CPSE under the Ministry of Health and Family Welfare, Govt. of India.



KRIBHCO
Cooperative and beyond...

**कृषक भारती कोऑपरेटिव लि०**
**बीज उत्पादन इकाई ,रुद्रपुर**

कृषक भारती को आपरेटिव लि०, रुद्रपुर बीज उत्पादन इकाई के आजादनगर, किच्छा स्थित गेहूँ बीज स्विपेज की कुल लगभग मात्रा 21.19 कुंटल वर्तमान बीज विधायन सत्र के दौरान गोदाम साफ-सफाई के दौरान प्राप्त हुआ है। गेहूँ बीज स्विपेज की उक्त मात्रा को सील बंद निविदा प्रक्रिया के द्वारा जहाँ और जैसी स्थिति में हैं, के आधार पर बिक्री किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्भार की निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाली पार्टी का जी०एस०टी० में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाली पार्टियों किसी भी कार्य दिवस में कृभको की अधिकारिक ई-मेल पता smokribhcoddn@yahoo.co,in के माध्यम से अथवा कृभको क्षेत्रीय अधिकारी के कार्यालय सह-आवास पता- म.नं. F159, ग्रीन पार्क, रुद्रपुर से निविदा प्रपत्र एवं निविदा में आवश्यक नियम एवं शर्तों के प्रपत्र प्राप्त कर सकती है। जिन्हें पूर्ण रूप से भरकर किसी भी कार्य दिवस में कृभको राज्य विपणन कार्यालय के निम्न पते पर डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 19.03.2024 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे तक जमा कराये जा सकते हैं। अधिकतम दरों वाले निविदा दाता को गेहूँ बीज स्विपेज की मात्रा को उठाने से पूर्व स्थानीय मण्डी समिति किच्छा में नियमानुसार मण्डी शुल्क जमा कर रसीद को प्रति कृभको को उपलब्ध करानी होगी। उपरोक्तानुसार अंतिम तिथि व समय तक प्राप्त निविदाओं को गठित कमेटी द्वारा दिनांक 19.03.2024 समय पूर्वाह्न 11:30 बजे इच्छुक निविदा दाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा प्रक्रिया को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधि कारी के पास सुरक्षित रहेगा।

दिनांक 13.03.2024

**श्री रमेश कुमार**
**वरिष्ठ राज्य विपणन प्रबंधक**
कृभको 30, आकाशदीप कॉलोनी
चकराता रोड, देहरादून-248001
ई-मेल पता- smokribhcoddn@yahoo.co.in
फोन न. 0135-2539294

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# मल्टी स्टोरी पार्किंग का भूमि पूजन संपन्न, जल्द होगा निर्माण कार्य शुरू

काशीपुर। क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने जीजीआईसी के सामने स्थित बंदीगृह (पुरानी जेल) की भूमि पर लगभग 18 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली मल्टी स्टोरी पार्किंग का भूमि पूजन किया। इस मौके पर बड़ी तादात में क्षेत्र के गणमान्य लोगों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि मुख्य बाजार में पार्किंग की समस्या लंबे समय से बनी थी। क्षेत्रीय विधायक ने खुद के प्रयासों से 1798:99 लाख रूपयों की धनराशि स्वीकृत कराई। बीते 6 मार्च को तैयार होने वाली मल्टी स्टोरी पार्किंग का विधिवत शिलान्यास किया गया। आज भूमि पूजन के बाद मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, दीपक बाली, मंजू यादव, पुष्कर बिष्ट, समेत बड़ी तादाद में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के अलावा स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।



# दो संदिग्धों को पुलिस ने अवैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो संदिग्धों को एक -एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में किया पेश। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिह नगर के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक काशीपुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निकट पर्यवेक्षण में संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी के नेतृत्व में गदरपुर पुलिस टीम द्वारा दो अलग-अलग मामलों में एक संदिग्ध व्यक्ति सकैनिया चौकी क्षेत्र के अब्दुल्ला नगर बॉर्डर से तथा एक संदिग्ध व्यक्ति ए एन के इंटर कालेज के निकट तिराहा गूलरभोज से गिरफ्तार किया है।जिनके पास से एक-एक नाजायज चाकू बरामद हुआ अब्दुल्ला नगर बॉर्डर से पकड़े गए युवक ने अपना नाम आलोक शील पुत्र माखन शील निवासी वार्ड नंबर 06 थाना दिनेशपुर, उधमसिह नगर व ए एन के इंटर कॉलेज के निकट तिराहे से पकड़े गए युवक ने अपना नाम वरुण ओझा पुत्र अरुण ओझा निवासी दुर्गापुर नंबर 1 थाना दिनेशपुर जनपद उधमसिह नगर बताया तलाशी लेने पर जिनके पास से एक एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। दोनों अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।वही अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह रांवल,उप निरीक्षक गणेश दत्त भट्ट कांस्टेबल दीपक जोशी,जीवन चंद्र रहे।

# खाद्य लाईसेंस मेले में व्यापारियों को किया जागरूक

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। जिला खाद्य संरक्षण संरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा नगर पंचायत सभागार मे रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस मेला आयोजित किया गया। जिसमे क्षेत्र के व्यापारियो नेबढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मेले मे मेडिकल, किराना, बैकरी, फास्ट फूड, मीट, मछली, फल, सब्जी, होटल , रेस्टोरेंट, जूस, मिठाई जैसे खाद्य पदार्थ आदि के विक्रेता पहुचे थे। मेले मे विभागीये अधिकारियो ने व्यापारियों को फूड रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस के प्रति जागरूक किया। जिसके उपरांत करीब 58 व्यापारिओ ने लाइसेंस बनाया व रजिस्ट्रेशन कराया। मेले में डॉ. प्रकाश फुलारा अभिहित अधिकारी, अपर्णा शाह वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा सभी खाद्य व्यापारियों का खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर जारी किया गया। मेले मे व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल, महामंत्री शुभम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विक्की मण्डल, कृपा सिंधु हीरा, पंकज कुमार, विजय सिंह आदि दर्जनों व्यापारी मौजूद थे।



# नो स्मोकिंग डे पर किया लोगों को जागरूक

गदरपुर(उद संवाददाता)प्राथमिक विद्यालय मोतियापुर आबाद नगर एवं आंगनबाड़ी केंद्र आबाद नगर में धूम्रपान निषेध दिवस के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के प्रभारी डॉ विकास सचान द्वारा बताया गया कि हर साल मार्च महीने के दूसरे बुधवार को धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाता है। इस साल ये दिन आज यानी 13 मार्च को मनाया जा रहा है। नो स्मोकिंग डे, लोगों को धूम्रपान से होने वाले तमाम नुकसानों को लेकर जागरुक करने और उन्हें स्मोकिंग छोड़ने के लिए प्रेरित करने का दिन है। हर साल इस दिन की एक थीम भी निर्धारित की जाती है। साल 2024 में धूम्रपान निषेध दिवस की थीम है बच्चों को तंबाकू प्रोडक्ट्स से बचाना है। डॉ विकास सचान द्वारा बताया गया की स्मोकिंग आजकल एक ट्रेंड सा बनता जा रहा हैं। स्मोकिंग से सिर्फ धूम्रपान करने वालों को ही नुकसान नहीं पहुंचता है, बल्कि स्मोकिंग के दौरान आसपास रहने वालों के लिए भी उतनी ही हानिकारक है जिसको पैसिव स्मोकिंग कहा जाता है जो की बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं एवं बुजुर्गो को अत्यधिक प्रवाहित करता है। के एन जोशी फार्मासिस्ट द्वारा बच्चों को धूम्रपान को प्रोत्साहित न करने हेतु शपथ दिलाई गई एवं बच्चों से आग्रह किया गया कि वे अपने घरों में अपने माता-पिता एवं बुजुर्गों को इससे होने वाली बीमारियों के बारे में एवं समाज में होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मोहम्मद फुरकान जी, गुरनाम सिंह जी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती देवकी देवी, स्टाफ नर्स सोनिया वैद्य एवं बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे।



# चोरों ने बंद घर खंगाला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि गंगापुर मार्ग पर दक्ष चौक के पास स्थित आयसिस कालोनी में अज्ञात चोरों ने परिजनों की गैर मौजूदगी में बंद घर के ताले तोड़कर वहां से अलमारी में रखा सामान चोरी कर लिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के आने पर ही चोरी हुए सामान के बारे में पता चल सकेगा। जानकारी के अनुसार आयसिस कालोनी निवासी सुधीर शर्मा अपने पुत्र की शादी में परिवार सहित गाजियाबाद गये हैं। उनकी गैर मौजूदगी में अज्ञात चोर दीवार फांदकर घर के भीतर जा घुसे और उन्होंने घर के ताले तोड़ भीतर अलमारी व अन्य स्थानों से सामान चोरी कर लिया। प्रातः जब पड़ोसियों ने ताले टूटे हुए देखे तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस और सुधीर को दी। बताया जाता है कि चोरों ने पड़ोस में रहने वाले अश्वनी जौहरी व नरेश तंवर के घरों में भी चोरी का प्रयास किया।



# नगदी संग दो सट्टेबाज दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव चौकी पुलिस की सट्टेबाजों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। पुलिस ने 35 हजार की नगदी के साथ फिर 02 सट्टेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार उमेश कुमार मलिक प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में दिनेश चंद्र जोशी प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव व पुलिस टीम के एएसआई मान सिंह, कानि. संतोष सिंह व भूपाल सिंह द्वारा मंगल पड़ाव क्षेत्र में चेकिंग के दौरान अंबेडकर नगर से सट्टे की खाईबाडी करते हुए दो सट्टेबाजो को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता गुलशन कुमार सागर पुत्र बनवारी लाल सागर निवासी अंबेडकरनगर मंगल पड़ाव तथा देव सक्सेना पुत्र अशोक सक्सेना निवासी उपरोक्त बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने गुलशन के पास से 32500 रुपए व देव के पास से 2840 रुपए के साथ दोनों से सट्टा पर्ची आदि सामान बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध 13 जुआ अधिनियम में अभियोग दर्ज कर लिया।



# बालिकाओं को किया पुरस्कृत

गदरपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय द्वारा एक आयोजित रेड रोज पब्लिक स्कूल में किया गया जहां आज मुख्य अतिथि के रूप में पब्लिक हैल्प सोसायटी के अध्यक्ष मोहित अरोड़ा द्वारा बालिकाओं की पेंटिंग प्रतियोगिता करवा कर प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।अरोड़ा द्वारा बालिकाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं बाल विवाह के प्रति जागरूक किया गया अरोड़ा के साथ पहुँचे सोसायटी के सदस्य मनीष सेतिया द्वारा बालिकाओं को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक किया गया एवं सोसायटी सदस्य शिवम् अरोड़ा द्वारा समाज सेवा के प्रति बालिकाओं को जागरूक किया। इस मौके पर अन्य लोग मौजूद रहे।



# अस्पताल के सामने से बाईक चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिस की लाख कोशिशें के बावजूद यहां मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी क्रम में निजी अस्पताल के सामने से घात लगाए चोरों ने एक और मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर करीमपुर तहसील स्वार जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी वेद प्रकाश पुत्र मेवाराम ने बताया कि बीते 10 मार्च को वह आवश्यक कार्य अवश्य गड्ढा कॉलोनी के समीप स्थित एक हड्डी के अस्पताल में गया था इस दौरान घात लगाए चोरों ने अस्पताल के बाहर खड़ी उसकी मोटरसाइकिल संख्या यूके 18बी/ 28 21 पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की 48 घंटे बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# 118 पाउच कच्ची शराब के साथ तीन नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने तीन नशा तस्करों को अवैध शराब के साथ गिरप्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी चौकी प्रभारी शक्तिफार्म, अपर उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह बोरा, हेड कांस्टेबल कुंदन सिंह, कॉस्टेबल भारत भूषण, भवान सिंह, हरीश कबड़वाल व देवेंद्र कन्याल ने गश्त के दौरान राकेश सरकार पुत्र साधु चरण सरकार निवासी बैकुण्ठपुर न०1 को 30 पाउच कच्ची शराब के साथ व संजीत राय पुत्र बीरेन्द्र राय निवासी जेल कैम्प 3 को 43 पाउच कच्ची शराब के साथ सिडकुल रोड टाइल्स रोड के पास से गिरफ्तार किया जबकि अजीत मिस्त्री पुत्र कांताराम मिस्त्री निवासी देवनगर न०3 को 45 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत भारत का गर्व, मतदान का पर्व के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र- छात्राओं तथा आसपास के लोगों को जागरूक किया गया।नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान की आवश्यकता और महत्व को बताते हुए मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय नोडल ऑफिसर प्रोफेसर आशा राणा, डॉ अमिता चौरसिया, प्रोफेसर सरबजीत सिंह, प्रोफेसर मनोज पांडे इत्यादि उपस्थित रहे।



# आशीष छाबड़ा और प्रमोद मित्तल फिर भाजपा में शामिल

## अपने कार्यालय पर जोरदार स्वागत कर विधायक शिव अरोरा ने करवाई घरवापसी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शिव अरोरा के कार्यालय में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के प्रवक्ता रह चुके आशीष छाबड़ा और प्रमोद मित्तल ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया है। मंगलवार को रूद्रपुर में पूर्व विधायक ठुकराल के बहुत लंबे अरसे से प्रवक्ता रहे और उनके करीबी कहे जाने वाले आशीष छाबड़ा व उनके 2022 विधानसभा चुनाव के इलेक्शन एजेंड प्रमोद मित्तल ने भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प व्यक्त करते हुए पुनः भारतीय जनता पार्टी की मुख्यधारा के से जुड़ने की कृतज्ञता व्यक्ति की। रूद्रपुर के विधायक विधायक शिव अरोरा को बने महज दो वर्ष का समय हुआ है और उनकी कार्यशैली ओर सरलता को लेकर लगातार एक के बाद एक लोग उनसे व भाजपा से जुड़ने का कार्य कर रहे हैं वहीं आज इसी क्रम में पूर्व विधायक के प्रवक्ता रहे आशीष छाबड़ा व प्रमोद मित्तल विधायक अरोरा के कार्यालय आकर अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी को मजबूत करने व पार्टी की मुख्य धारा से जुड़ने का संकल्प व्यक्त किया। वहीं विधायक शिव अरोरा ने पूर्व विधायक के करीबियों छाबड़ा को मुंह मीठा करा कर माला पहनकर उनका भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए पार्टी को मजबूत करने हेतु आवाहन किया। इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा लगातार रुद्रपुर में भारतीय जनता पार्टी की रीती नीतियों से प्रभावित होकर अन्य दलों के लोग वह विधानसभा चुनाव में विद्रोही प्रत्याशी को चुनाव लड़ाने वाले सभी लोगों को पुनः भारतीय जनता पार्टी की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। हम पूरी ताकत के साथ लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट को रुद्रपुर विधानसभा से ऐतिहासिक मतों से विजय बनाकर भेजने का कार्य करेंगे ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का कार्य करेंगे। निश्चित रूप से आने वाले समय में और बड़ी संख्या में सैकड़ो लोग भाजपा परिवार में शामिल होंगे। इस दौरान आशीष छाबड़ा ने कहा की विधायक शिव अरोरा पिछले 2 साल के कार्यकाल में एक विकास रूपी सोच के रूप में रुद्रपुर विधानसभा में एक के बाद एक विकास कार्य को अमली जामा पहनने का कार्य कर रहे हैं चाहे वह बात करें नजूल भूमि पर 2600 परिवारों को मलिककाना हक दिलवाने का कार्य हो,1052 करोड़ का रिंग रोड का हाल ही में प्रधानमंत्री ने शिलान्यास किया जलभराव की समस्या को देखते हुए सर्वे कार्य आरंभ करना, मल्टीलेवल पार्किंग, मोदी मैदान को स्टेडियम और बच्चों के खेलने के मैदान के रूप में बनाने का प्रस्ताव, काशीपुर बायपास रोड का चौड़ीकरण ऐसे आने को कार्य से प्रभावित होकर आज मैंने उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने की व भाजपा की मुख्य धारा में जुड़ने की इच्छा व्यक्त की ।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नरेंद्र मोदी को पुनः प्रचंड बहुमत से विजय दिलानी के रूप के लिए एक गिलहरी की भांति पार्टी में समर्पण भाव से कार्य करेंगे । इस दौरान मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, सुनील ठुकराल ,किरण वर्क मनोज मदान,, प्रमोद शर्मा ,प्रमोद मित्तल मयंक कक्कड़ ,विकास सागर ,वैंकी छाबड़ा शिव कुमार गंगवार बिट्टू चौहान नोनी ग्रोवर कन्नू गुंबर,वासु गुम्बर,सोनू वर्मा वह अन्य लोग मौजूद रहे।







# अजय जायसवाल ने थामा भाजपा का दामन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव रहे एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अजय जायसवाल ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ देहरादून में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के नेतृत्व में भाजपा का दामन थाम लिया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पट्का पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव रहे एवं सितारगंज विधानसभा से आप से पिछला चुनाव लड़ चुके अजय जायसवाल ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को अपना त्यागपत्र भेज देने के बाद सोमवार शाम को अपने सैकड़ो



समर्थकों के साथ देहरादून के लिए रवाना हो गए। मंगलवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के नेतृत्व में अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पट्का पहनाकर अजय जायसवाल को पार्टी में शामिल किया। अजय जायसवाल के साथ भाजपा में शामिल होने वालों में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मिथुन पहाड़, विकास जोशी, पूर्व छात्रसंघ सचिव मनोज मंडल, पूर्व छात्र संघ सचिव राहुल राय, प्रधान आनंद सरकार, जयंत सरकार, ओम प्रकाश सक्सेना, मोहन मंडल ,शिवम रस्तोगी, जयदेव राय , आकाश मल्लिक, विपुल विश्वास, संजीत राय विकास मंडल दीपक सील, कपिल ढाली, बादल,मनोज अधिकारी ,समीर सरकार आदि शामिल थे।

# पुलिस ने तमंचा लेकर घूमते बदमाश को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलिस ने गश्त के दौरान एक बदमाश को अवैध तमंचा लेकर घूमते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अपर उप निरीक्षक रवीश राम पुलिस कर्मियों के साथ गश्त करते ढाल पर पहुंचे तो मुखबिर की सूचना पर आजाद नगर में खेत के पास गये। जहां एक युवक संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर जब उसने भागने की कोशिश की तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता किशोर राय पुत्र विष्णु राय निवासी अरविन्द नगर बताया । तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा बरामद हुआ। किशोर ने बताया कि वह नशा करता है तथा नशे की पूर्ति के लिए चोरी चकारी भी करता है। पकड़े जाने के डर से लोगों को डराने के लिए यह तमंचा रखा है। पुलिस ने बरामद तमंचा कब्जे में लेकर किशोर को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। गौरतलब है कि क्षेत्र में नशे के आदि कई संदिग्ध घूमते दिख रहे है जो रात्रि में चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम देते हैं।



# विकास की नई गाथा लिख रहा उत्तराखंड:धामी





## रोड शो में पुष्प वर्षा से किया सीएम धामी का भव्य स्वागतः 16 करोड़ 34 लाख 42 हजार रुपये के कई विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

बाजपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को जनपद के अपने एक दिवसीय भ्रमण के दौरान बाजपुर इण्टर कॉलेज में आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में आने से पूर्व मुख्यमंत्री श्री धामी ने बाजपुर तहसील कार्यालय बाजपुर से इण्टर कॉलेज बाजपुर तक रोड शो किया। रोड शो के दौरान जगह-जगह पर विभिन्न संस्कृतियों एवं संस्थाओं के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी का गीत, नृत्य, पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने आम जन पर पुष्पवर्षा करते हुए जनसैलाब का अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो के उपरांत मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग द्वारा 12.11करोड़ रुपये की लागत से लघु आधुनिकीकरण कार्य का लोकार्पण, 351.63 लाख की लागत से बाजपुर के बन्ध मार्ग से जगन्नाथपुर कोसी फार्म मार्ग(लिंक मोटर मार्ग) का पुन: निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास, 24.28 लाख की लागत से महुआखेड़ा गंज वार्ड नं- 5 में शमशान घाट की चाहर दीवारी के निर्माण कार्य का शिलान्यास, 22.58 लाख की लागत से महुआखेड़ा गंज के वार्ड नं 8 में बीरपुर रोड से मौ0 आदिल के मकान तक सी0सी0 सड़क तथा नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं वार्ड नं 4 में 24.94 लाख की लागत से आदर्श नगर स्थित शमशान घाट की चाहर दीवारी के कार्य का शिलान्यास कुल 16 करोड़ 34 लाख 42 हजार रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, महिला शशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन(एनआरएलएम) के द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचे लाभार्थियों का स्वागत व अभिवादन किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि तराई की पावन भूमि पर जब से प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी और दशम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह साहब के चरण पड़े थे, तभी से यह धरती धन्य हो गई। उन्होंने कहा कि तराई की पावन धरती को हमारे सिक्ख परिवारों ने अपनी मेहनत से सींचा है तभी तो ये धरती आज हरी भरी है और खुशहाल है। उन्होंने कहा कि कहूँ कि सिक्ख परंपरा वास्तव में एक भारत श्रेष्ठ भारतष्की जीवंत परंपरा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारे गुरूओं ने राष्ट्र को सर्वोच्च रखकर भारत को एकसूत्र में पिरोने का कार्य किया था वैसा ही प्रयास केंद्र और राज्य की हमारी सरकारें प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में कर रही हैं। हमारी सरकार योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए दिन-रात काम कर रही है, उसी का परिणाम है जो आज इतनी बड़ी संख्या में आप सभी यहां एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ भारत में हर वर्ग का उत्थान कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानकर उनका उत्थान करने के लिए दिन-रात काम करने वाले मोदी जी ने हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोगों के कल्याण हेतु योजनाएं शुरु की। उज्जवला योजना से मातृशक्ति को धुंए से आजादी मिली। प्रधानमंत्री आवास योजना से जरूरतमंद लोगों को सभी सुविधाओं से युक्त अपना घर मिला। किसान भाइयों को किसान सम्मान निधि से आर्थिक रूप से मजबूती मिल रही है। रोजगार मेलों के जरिए युवाओं को रोजगार मिल रहा है। मुद्रा योजना के जरिए 40 करोड़ से अधिक लोगों को बिजनेस करने के लिए लोन मिला जिससे कि वो और लोगों रोजगार दे पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये मोदी की गारंटी है कि आज लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते बल्कि सरकारी कर्मचारी, अधिकारी और जनप्रतिनिथि खुद चलकर आपके दरवाजे तक आ रहे हैं और आपकी समस्याओं का निदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 80 करोड़ लोगों को राशन वितरित कर एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक काम किया। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और भारत का डंका विश्व भर में बज रहा है। उन्होंने कहा कि याद करिए 2014 से पहले का वो समय जब भ्रष्टाचार ही भारत की पहचान बनती जा रही थी। हर तरफ, हर विभाग में भ्रष्टाचार का बोल बाला था, आए दिन नए-नए घोटालों का भंडाफोड़ होता था। देश की जनता गरीब होती जा रही थी और विकास का सारा पैसा भ्रष्टाचारी नेताओं के हत्थे चढ़ जाता था। विकास की रफ्तार इतनी धीमी थी कि भारत विश्व में पिछड़ता चला जा रहा था लेकिन 2014 के बाद मोदी जी ने नारा दिया कि ना खाउंगा, ना खाने दूंगा। इससे भ्रष्टाचार खत्म हो गया और विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज देश में प्रत्येक दिन 38 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पूर्व बच्चों को वैक्सीन लगवाने के लिए दर-दर भटकना पड़ता था, लेकिन आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में मिशन इन्द्रधनुष योजना के तहत बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए वैक्सीन लगाई जा रही है। इतना ही नहीं धारा 370 का खात्मा और अयोध्या में दिव्य और भव्य राम मन्दिर का निर्माण भी 2014 के बाद ही सम्भव हो सका। उन्होंने कहा कि मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड भी विकास की नई गाथा लिख रहा है। हम उत्तराखंड को एक विकसित और आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी दो दिन पूर्व मैनें 8275 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है। और पिछले 2 महीने में हमारी राज्य सरकार ने कुल 18,000 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है। उन्होंने कहा कि आज हम उत्तराखंड के इंफ्रास्ट्रक्चर को हर तरह से मजबूत बनाने पर कार्य कर रहे हैं। हम सड़कें बना रहे हैं, स्टेडियम बना रहे हैं, विद्युत परियोजनाएं एवं जल परियोजनाओं पर मजबूती से काम कर रहे हैं ताकि उत्तराखंड का भविष्य उज्जवल और सक्षम रहे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने समान नागरिक संहिता को लागू किया जिससे मातृशक्ति को कई कुरीतियों और उत्पीड़नों से मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी ने उत्तराखंड को संवारने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एक राष्ट्रप्रेमी होने के नाते मुझे पता है कि सभी उत्तराखंड वासी एक बार फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्तराखंड की सभी पांचों सीटों पर रिकॉर्ड मतों के साथ भाजपा की विजय सुनिश्चित करेंगे।








# लखपति दीदी योजना से ब्याज मुक्त ऋण के चेक वितरित किए

## मुख्यमंत्री से भेंट कर सिख,जनजाति, पर्वतीय, भूतपूर्व सैनिक सहित अल्पसंख्यक समुदाय के पदाधिकारियों ने किया स्वागत किया

बाजपुर(उद संवाददाता)। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत ग्राम चनकपुर निवासी प्रेमवती, ग्राम शिवपुरी निवासी आकांक्षा को प्रमाण पत्र तथा एनआरएलएम की लखपति दीदी योजना के अंतर्गत बाजपुर गांव की गुलनाज, चकरपुर की पूनम सागर एवं कनोरा की गुलिस्तां जहाँ एवं इसके उपरांत मुक्ता स्वयं सहायता समूह की उर्मिला काण्डपाल, दशमेश स्वयं सहायता समूह की सन्दीप कौर, गुलशन स्वयं सहायता समूह की आशिया, गुरुनानक स्वयं सहायता समूह की परमजीत कौर, दुर्गाशक्ति स्वयं सहायता समूह माया बिष्ट एवं भरत स्वयं सहायता समूह की कलावती को ब्याजमुक्त ऋण के चेक वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाजपुर को जलभराव से निजात दिलाने हेतु चकरपुर से बाजपुर-बाजपुर से गुमसानी तक लेवड़ा नदी पर बाढ़ सुरक्षा कार्य कराए जाने व पीडब्ल्यूडी की बेरिया रोड एवं चकरपुर रोड व उनकी पुलिया का पुन:निर्माण कार्य कराए जाने की घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मतदाता जागरूकता बूथ पर जाकर सेल्फी पॉइंट पर फोटो खिंचवाई एवं जनता से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का सिख, जनजाति, पर्वतीय, भूतपूर्व सैनिक, अल्पसंख्यक समुदाय के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट कर स्वागत किया। इस क्रम केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय मुख्यमंत्री श्री धामी का स्वागत करते हुए कहा कि आपको अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पाकर हम सब धन्य हैं, आज आपके नेर्तत्व में हमारा प्रदेश विश्वस्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद होने के नाते मैने संसद में जमरानी बांध का मुद्दा उठाया, जिसमें मुख्यमंत्री ने अपना सहयोग देकर इस मुद्दे को सुलझाने में बहुत बड़ा योगदान दिया है जिससे अब आने वाले 50 वर्षों तक तराई में बिजली एवं पानी की समस्या नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने मेरे कहने पर लालकुआं से अमृतसर तक और टनकपुर से देहरादून तक रेल सेवा के लिए अपना विशेष योगदान देकर जनता की समस्याओं का निस्तारण किया इसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी का दिल से आभार व्यक्त करता हूँ। इस दौरान राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट, विधायक अरविंद पाण्डे, जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, अरविंद पाण्डे, अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग मुकेश कुमार, दर्जा राज्यमंत्री अनिल कपूर(डब्बू), प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा, राम मेहरोत्रा,अध्यक्ष किच्छा मण्डी कमलेन्द्र सेमवा, जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा, निवर्तमान मेयर काशीपुर ऊषा चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा खिलेन्द्र चौधरी, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा उमा जोशी, गुरविंदर सिंह चंडोक, पूर्व विधायक शैलेन्द्र मोहन सिंघल,हरभजन सिंह चीमा, मण्डल अध्यक्ष भाजपा वीरेन्द्र बिष्ट, वीरेंद्र चौधरी, मण्डल महामंत्री कन्नू जोशी, सुरेश कोली, मण्डलायुक्त दीपक रावत, डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, एसएसपी मंजुनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एडीएम अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, एएसपी मनोज कत्याल, अभय प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी राकेश तिवारी, अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल, गौरव पाण्डे, नगर आयुक्त विवेक राय, तहसीलदार अक्षय भट्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मनोज शर्मा, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, डीपीओ व्योमा जैन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# थाली हो गई महंगी

लोकसभा चुनाव से पूर्व प्याज की कीमतें हर बार देश वासियों की आंखों में आंसू लाती रहती हैं। इस वर्ष भी कुछ ऐसा ही दिखाई देने लगा है। देश में सब्जियों के दामों में वृद्धि का असर सीधा गरीब व मध्यम वर्ग के परिवारों पर पड़ता है। कुछ समय पहले हरी सब्जियों की कीमतों में कमी आने की वजह से महंगाई से उपजी परेशानी से उन्हें जो राहत मिली थी अब वह फिर से सिर उठाने लगी है। बाजार में प्याज सहित खुदरा वस्तुओं के दाम में तेजी ने कई लोगों की थाली पर असर डालना शुरू कर दिया है। यों खाने-पीने के सामान की कीमतों में आई उछाल ने बीते महीने ही लोगों को आने वाले दिनों के संकेत दे दिए थे। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा भी किया गया है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस' की ताजा रपट के मुताबिक महंगाई की मार का ज्यादा असर शाकाहारी थाली पर पड़ा है। खासकर प्याज और टमाटर के दाम में सालाना आधार पर क्रमश: 29 फीसद और 38 फीसद की बढ़ोतरी हो गई। इसकी वजह से शाकाहारी थाली सात फीसद तक महंगी हो गई। इस अवधि के दौरान मांसाहारी भोजन में कुछ कमी दर्ज की गई स्वाभाविक ही कीमतों में इस बढ़ोतरी ने लोगों में इनके उपयोग को लेकर हिचक पैदा की है। चूंकि भोजन में प्याज और टमाटर की खासी भूमिका रहती है, इसलिए मांसाहारी थाली पर भी इसका असर पड़ा है। हालांकि इस अवधि के दौरान मांसाहारी भोजन में कुछ कमी दर्ज की गई। दरअसल, आम उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें ऊंची होती हैं तो लोग उनकी खरीदारी को लेकर कई बार प्राथमिकता का निर्धारण करने लगते हैं। कम जरूरी चीजों की खरीदारी बाद के लिए टाल दी जाती है, मगर खाने-पीने सहित कुछ अनिवार्य चीजों की कीमतें कई बार घर के बजट को असंतुलित कर देती हैं। आमतौर पर शाकाहार के अभ्यस्त लोगों के खानपान में प्याज-टमाटर एक जरूरी हिस्सा होता है, जो उनकी थाली की सब्जियों में स्वाद भरता है। मगर इनके साथ-साथ अब अन्य हरी सब्जियों के दाम ने भी शाकाहार के सामने चुनौती पेश की है। यों ठंड के मौसम में आमतौर पर हरी सब्जियों का उत्पादन और आपूर्ति ठीकठाक होने की वजह से बाजार में उसकी कीमतें भी काफी नरम रहती हैं। मगर इस वर्ष लगभग सभी हरी सब्जियों के दाम जिस स्तर पर स्थिर रहे, उसे इनका सस्ता होना नहीं कहा जा सकता। अगर खासी तादाद में लोग सब्जी खरीदते हुए हाथ खींचने लगते हैं, तब इसका मतलब है कि बाजार में कीमतों को लेकर सरकार को जरूरी कदम उठाने की जरूरत है। सरकार प्याज के बढ़ते दामों पर अंकुश लगाने के लिए इसके निर्यात पर रोक लगा देती है। वहीं इसके भंडारण पर भी सख्ती बरती जाती है। इसके अतिरिक्त गरीब व मध्यम वर्ग की खाने की थाली को बढ़ती महंगाई की मार से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाते रहे हैं। सरकार को लोकसभा चुनाव की तैयारियों के साथ ही साथ आम जनता के दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतों पर समय रहते अंकुश लगाने के लिए और अधिक कार्य करने होंगे। अन्यथा देश के करोड़ों मतदाताओं का गुस्सा मतदान के दौरान सामने आ सकता है। जिसे विपक्षी दल भुनाने में कोई कसर नहीं छोडना चाहेंगे। आम जनता को भले ही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कितनी सुविधायें दे दी जायें परंतु वह चुनाव के समय वर्तमान परिस्थितियों को देखकर हर मतदान करती है।

# पत्रकारिता शब्दों की सजावट नहीं शब्दों की साधना है : डॉ. सुभाष वर्मा

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय में आईक्यूएसी, कैरियर काउंसलिंग सेल एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पत्रकारिता : विधा, व्यवसाय और लोकतंत्र प्रहरी विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी आयोजित की गयी। प्रशिक्षुओं ने जाना की पत्रकारिता लेखन पत्रकारिता के लिए पत्रकारिता की औपचारिक पढाई तो जरुरी है ही साथ ही पत्रकार को आसपास पैनी नजर बनाए रखनी होती है। पत्रकारिता लेखन कला होते हुए भी शब्दों का जाल नहीं है। निरन्तर अध्ययन और खास नजर व्यक्ति को लेखक और पत्रकार बनाती है। बाद विद्यार्थी पत्रकारिता के क्षेत्र में कदम रख सकते हैं। सार्टिफिकेट, डिप्लोमा, पी० जी० डिप्लोमा, डिग्री, पी जी डिग्री प्राप्त कर पत्रकार, लेखक, फोटोग्राफर, विडियो रिकॉर्डर, बिजनेस राइटर, कैमरामैन जैसे अनेक क्षेत्रों में करियर बना सकते है। सांध्य दैनिक उत्तरांचल समाज को सशक्त, जागरूक एवं लोकतांत्रिक बनाने में पत्रकारिता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत की आजादी की लड़ाई में पत्रकारिता की खास भूमिका रही है। स्वाधीनता के लिए पत्रकारिता संघर्ष करती आई है।आजादी के संघर्ष में पत्रकारिता ने






की कला है जिसका बुनियादी काम सूचना, शिक्षा और मनोरंजन है। व्यावसायिक लाभ से ज्यादा यह एक सामजिक दायित्व है। घटनाओं में समाचार निकालना उसे संपादित कर प्रकाशित करना एक जोखिम भरा काम है। कलम में ताकत निष्पक्षता की मांग करती है। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों के स्वागत, बैज अलंकरण,पुष्प गुच्छ भेट के साथ हुआ। गोष्ठी के मुख्य अतिथि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज के प्राचार्य डॉ० सुभाष वर्मा ने कहा कि समाचार पत्र पत्रिकाओं, रेडियो, टेलिविजन के साथ वेब पत्रकारिता ने पत्रकारिता के क्षेत्र को व्यापक क्षेत्र बना दिया है द्य रोजगार के अनेक अवसर पैदा हुए हैं। कार्यक्रम के विशेष अतिथि पूरन रावत, एडिटर न्यूज पोर्टल ने बताया कि पत्रकार के लिए भाषा पर पकड़ बेहद जरुरी है। पत्रकार में साहित्यिक अभिव्यक्ति की क्षमता की जरुरत पड़ती है। देखना, सुनना और इस तरह कहना की बात सच के पक्ष में खड़ी हो पत्रकार को जानना ही होगा। बारहवीं कक्षा के दर्पण के वरिष्ठ संवाददाता कैलाश चन्द्र बिस्टानिया ने कहा कि पत्रकारिता का काम सच को जनता के सामने रखना है। पत्रकारिता व्यवसाय से अधिक एक सामजिक दायित्व है। पत्रकार के सच और समाज के पक्ष में सदा खड़ा रहना ही होगा। तथ्यों की जांच, संकलन, लेखन, सम्पादन एक लम्बी प्रक्रिया है।नई पीढ़ी इस क्षेत्र में मेहनत से प्रसिद्धि और पैसा कमा सकती है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य राजकीय माहविद्यालय किच्छा डॉ० राजीव रतन ने कहा कि अहम् भूमिका निभाई और जनमत तैयार किया।कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग प्रभारी डॉ प्रकाश चंद भट्ट ने किया । विद्यार्थियों से संवाद सत्र में पत्रकारिता संबंधी अनेक सवाल किए । विशेषज्ञों से सवाल करने वाले छात्रों में रिया कश्यप, जुनैद, अनूप कुमार, जिया, शाहनूर रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ, उमराव सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ हर्षिता तिवारी, डॉ किरन बाला, प्रशासनिक अधिकारी शुभम गंगवार, कुलवली पाण्डे, आनंद, गौतम मौजूद रहे।

# देवभूमि फाउंडेशन ने लगाया ब्लड कैम्प

किच्छा(उद संवाददाता)।देवभूमि फाउंडेशन द्वारा लगातार रक्त के माध्यम से लोगों की जान को बचाया जा रहा है देर रात जब टीम को यह खबर मिली कि एक 84 साल के बुजुर्ग व्यक्ति जो की मेडिसिटी हॉस्पिटल में एडमिट है उनको प्लेटलेट्स की जरूरत है तुरंत देवभूमि फाउंडेशन द्वारा केस पर कार्य करते हुए देवभूमि फाउंडेशन टीम के सक्रिय मेंबर छोटे भाई ऋषभ द्वारा तुरंत पहुंचकर बुजुर्ग की जान बचाने में टीम का सहयोग किया और मानवता का परिचय दिया देवभूमि फाउंडेशन टीम आप सभी लोगों से विनम्र निवेदन करती है की 18 साल या 18 से अधिक उम्र के सभी व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं आपके द्वारा दिया गया 15 मिनट किसी की जान बचा सकता है।



# मजबूत लोकतंत्र के लिए संविधान में बदलाव जरूरी

भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने कांग्रेस द्वारा अनावश्यक रूप से संविधान में जोड़ी गई विकृतियों को हटाने के लिए भाजपा को लोकसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत की जरूरत जताई है। कर्नाटक के कारवार में एक जनसभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस ने संविधान को विकृत किया है। इन विकृतियों को हटाने के लिए संसद के दोनों सदनों में भाजपा को दो तिहाई बहुमत दिलाना होगा, यानी अबकी बार 400 पार। इस हेतु 20 से अधिक राज्यों में भी भाजपा का सत्ता में होना जरूरी है। विशेष रूप से कांग्रेस ने हिंदू समाज को कमजोर करने के लिए कई चीजें ऐसी जोड़ी, जिन्हें अब हटाना जरूरी है।' हेगड़े ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उदाहरण देते हुए कहा कि यह लोकसभा से तो आसानी से पारित हो गया था, लेकिन राज्यसभा से पारित कराने के लिए बहुत प्रयास करने पड़े थे। कई राज्य सरकारों ने इसे अभी मंजूर नहीं किया है, अतएव इसे अब तक अमल में नहीं लाया जा सका है। हेगड़े ने कुछ साल पहले कहा था कि 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाने के लिए भी संविधान में बदलाव की जरूरत है। भारतीय समाज के बहुलतावादी धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप को ध्यान में रखते हुए संवैधानिक गणराज्य की नींव रखी थी। इसीलिए मूल संविधान में भारतीय परंपरा, संस्कृति, आध्यात्म जैसे ऊर्जावान तत्वों का समावेश संभव हुआ। तब संविधान निर्माताओं ने सोचा था कि भारत की संस्कृति, संस्कार और सभ्यतामूलक इतिहास के प्रवाह को भी विभिन्न छवियों के द्वारा स्थान मिलना चाहिए। तब उस समय के प्रसिद्ध चित्रकार नंदलाल बोस से आग्रह कर हजारों वर्षों की सांस्कृतिक सभ्यता के चित्रों की संविधान में जीवंत प्रस्तुति संभव हुई। इस क्रम में मोहनजोदड़ों के चित्रों से लेकर वैदिक युग के गुरुकुल हैं। मौलिक अधिकार के अध्याय में प्रभु राम, सीता और लक्ष्मण का चित्र है। चूंकि राम मौलिक अधिकारों की रक्षा के साथ रामराज्य के प्रतीक है, इसलिए उनका चित्र तार्किक है। राज्य के नीति-निदेशक तत्व अध्याय में भगवान कृष्ण द्वारा गीता का उपदेश दिए जाने का चित्र हैं। यह चित्र एक हताश योद्धा को अपने कर्तव्य पालन के प्रति इंगित करता है। भगवान बुद्ध, महावीर, सम्राट विक्रमादित्य और नालंदा विश्व विद्यालय की चर्चा है। शिव के नटराज नृत्य की छवि प्रदर्शित है। मुगल काल में अकबर और मुगलकालीन स्थापत्य के चित्र हैं। लेकिन बाबर औरंगजेब की चर्चा नहीं है। क्योंकि ये क्रूर और मंदिरों के विध्वंसक रहे हैं। इसी क्रम में वीर शिवाजी, गुरू गोविंद सिंह, महारानी लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान से जुड़े चित्र हैं। इन चित्रों को छापना इसलिए संभव हुआ, क्योंकि संविधान निर्माताओं ने लोकतांत्रिक गणतंत्र के साथ भारतीय संस्कृति और सभ्यता को जानने पर जोर दिया था। क्या आज के परिप्रेक्ष्य में इन चित्रों का संविधान में प्रदर्शन संभव था ? दरअसल स्वतंत्रता के कुछ वर्ष बाद से केवल हिंदू और हिंदुओं से जुड़े प्रतिरोध को धर्मनिरपेक्षता मान लेने की परंपरा सी चल निकली थी। जबकि वास्तविकता तो यह है कि मूल संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द था ही नहीं। यह शब्द तो आपातकाल के दौरान 42वां संविधान संशोधन लाकर 'समाजवादी धर्मनिरपेक्ष संविधान अधिनियम 1976' के माध्यम



से जोड़ा गया था। आपातकाल के बाद जब जनता दल की केंद्र में सरकार बनी तो यह सरकार 43वां संशोधन विधेयक लाकर सेक्युलरिज्म मसलन धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या स्पष्ट करना चाहती थी, प्रस्तावित प्रारूप में इसे स्पष्ट करते हुए वाक्य जोड़ा गया था, 'गणतंत्र शब्द जिसका विशेषण 'धर्मनिरपेक्ष' है का अर्थ है, ऐसा गणतंत्र जिसमें सब धर्मो के लिए समान आदर हो,' लेकिन लोकसभा से इस प्रस्ताव के पारित हो जाने के बावजूद कांग्रेस ने इसे राज्यसभा में गिरा दिया था। अब यह स्पष्ट उस समय के कांग्रेसी ही कर सकते हैं कि धर्मों का समान रूप से आदर करना धर्मनिरपेक्षता क्यों नहीं है ? गोया, इसके लाक्षणिक महत्व को दरकिनार कर दिया गया। शायद ऐसा इसलिए किया गया जिससे देश में सांप्रदायिक सद्भाव स्थिर न होने पाए और सांप्रदायिकता बनाम धर्मनिरपेक्षता को अनंतकाल तक वोट की राजनीति के चलते तुष्टिकरण के उपायों के जरिए भुनाया जाता रहे। साथ ही इसका मनमाने ढंग से उपयोग व दुरुपयोग करने की छूट सत्ता-तंत्र को मिली रहे। जहां तक गणतंत्र शब्द का प्रश्न है तो विक्टर ह्यूगो ने इसे यूं परिभाषित किया है, 'जिस तरह व्यक्ति का अस्तित्व उसके जीने की इच्छा की लगातार पुष्टि है, उसी तरह देश का अस्तित्व उसमें रहने वालों का परस्पर तालमेल नित्य होने वाला जनमत संग्रह है।' दुर्भाग्य से हमारे यहां नरेंद्र मोदी सरकार के पहले तक परस्पर तालमेल खंडित होता रहा है। अलगाव और आतंकवाद की अवधारणाएं निरंतर देश की संप्रभुता व अखण्डता के समक्ष खतरा बनकर उभरती रही हैं। राष्ट्रवाद और भारत माता की जय को भी संकीर्ण और अल्प-धार्मिक दृष्टि से देखा जाता रहा है। जवाहरलाल नेहरू जैसे वामपंथी मानसिकता के विवि में जिस तरह से देश के हजार टुकड़े करने के नारे लगते रहे और उन्हें अभीव्यक्ति की आजादी के परिप्रेक्ष्य में संवैधानिक ठहराने की कोशिशें हुईं, उस संदर्भ में लगता है कि धर्मनिरपेक्षता और अभिव्यक्ति की आजादी के मायने राष्ट्रद्रोह को उकसाने और उन्हें संरक्षित करने के उपाय ही साबित हुए हैं। अतएव इस तरह की विकृतियों को आधार देने वाले संविधान के अनुच्छेदों में बदलाव जरूरी है। भारतीय संविधान जिस नागरिकता को मान्यता देता है, वह एक भ्रम है। सच्चाई यह है कि हमारी नागरिकता भी खासतौर से अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक समुदायों में बंटी हुई है। लिहाजा इसका चरित्र उत्तरोत्तर सांप्रदायिक होता रहा है। हिंदु, मुसलमान और ईसाई भारतीय नागरिक होने का दंभ बढ़ता है। जबकि नागरिकता केवल देशीय मसलन भारतीय होनी चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है,क्योंकि भारत में 4635 कुल समुदाय हैं। जिनमें से 78 प्रतिशत समुदायों की न सिर्फ भाषाई एवं सांस्कृतिक बल्कि सामाजिक श्रेणियां भी हैं। इन समुदायों में 19.4 प्रतिशत धार्मिक अल्पसंख्यक हैं। गोया, धर्मनिरपेक्षता शब्द को विलोपित किया जाना जरूरी है। हालांकि आजादी के ठीक बाद प्रगतिशील बौद्धिकों ने भारतीय नागरिकता को मूल अर्थ में स्थापित करने का प्रयास किया था, लेकिन धर्मनिरपेक्षता के फेर में मूल अर्थ सांप्रदायिक खानों में विभाजित होता चला जा रहा है, जिसका संकट अब कुछ ज्यादा ही गहरा गया है। वर्तमान में हमारे यहां धर्मनिरपेक्ष शब्द का प्रयोग अंग्रेजी के शब्द 'सेक्युलर' के अर्थ में हो रहा है। अंग्रेजी के प्रसिद्ध ऑक्सफोर्ड शब्द-कोष में इसका अर्थ 'ईश्वर' विरोधी दिया है। भारत और इस्लामिक देश ईश्वर विरोधी कतई नहीं हैं। ज्यादातर क्रिश्चियन देश भी ईसाई धर्मावलंबी हैं। हां, बौद्ध धर्मावलंबी चीन और जापान जरूर ऐसे देश हैं, जो धार्मिक आस्था से पहले राष्ट्रप्रेम को प्रमुखता देते हैं। हमारे संविधान की मुश्किल यह भी है कि उसमें धर्म की भी व्याख्या नहीं हुई है। इस बाबत न्यायमूर्ति राजगोपाल आयंगर ने जरूर इतना कहा है, 'मैं यह जोड़ना चाहता हूं कि अनुच्छेद 25 और 26 में धार्मिक सहिष्णुता का वह सिद्धांत शामिल है, जो इतिहास के प्रारंभ से ही भारतीय सभ्यता की विशेषता रहा है।' इसी क्रम में उच्चतम न्यायालय ने कहा, 'धर्म शब्द की व्याख्या लोकतंत्र में नहीं हुई है और यह ऐसा शब्द है, जिसकी निश्चित व्याख्या संभव नहीं है।' संभवत: इसीलिए न्यायालय को कहना पड़ा था कि 'गणतंत्र का धर्मनिरपेक्ष स्वभाव राष्ट्रनिर्माताओं की इच्छा के अनुरूप होना चाहिए और इसे ही संविधान का आधार माना जाना चाहिए।' अब यहां संकट यह भी है कि भारत राष्ट्र का निर्माता कोई एक नायक नहीं रहा। गरम, नरम और नेताजी सुभाष के सैन्य दलों के विद्रोह से विभाजित स्वतंत्रता संभव हुई। नतीजतन धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या को किसी एक इबारत में बांधना असंभव है। इसीलिए श्रीमद्भागवत गीता में जब यक्ष धर्म को जानने की दृष्टि से प्रश्न करते हैं तो धर्मराज युधिष्ठिर का उत्तर होता है, 'तर्क कहीं स्थिर नहीं हैं, श्रुतियां भी भिन्न-भिन्न हैं। एक ही ऋषि नहीं है, जिसका प्रमाण माना जाए और धर्म का तत्व गुफा में निहित है। अत: जहां से महापुरुष जाएं, वही सही धर्म या मार्ग है।'वैसे भारतीय परंपरा में धर्म कर्तव्य के अर्थ में प्रचलित है। यानी मां का धर्म, पिता का धर्म, पुत्र का धर्म, स्वामी का धर्म और सेवक का धर्म, इस संदर्भ में कर्तव्य से निरपेक्ष कैसे रहा जा सकता है। सेक्युलर के लिए शब्द-कोष में पंथनिरपेक्ष शब्द भी दिया गया है, पर इसे प्रचलन में नहीं लिया गया। अतएव यह आवश्यक हो गया है कि संविधान में जो भी ठूंसे गए विकार और विसंगतियां हैं, उन्हें दूर करने के लिए भाजपा और उसके सहयोगी दलों को दो तिहाई से ज्यादा बहुमत 2024 के लोकसभा चुनाव में मिले।

-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार

# कांग्रेस ने उत्तराखंड की तीन सीटों पर उतारे प्रत्याशी

## प्रदीप टम्टा को चौथी बार अल्मोड़ा सीट से मिला टिकट, पौड़ी से गोदियाल और टिहरी से गुनसोला उम्मीदवार

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को दूसरी लिस्ट जारी कर दी गई, जिसमें कुल 43 उम्मीदवारों के नामों एलान किया गया। जारी लिस्ट के अनुसार गढ़वाल संसदीय सीट से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, टिहरी सीट से पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला और अल्मोड़ा सीट से पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कांग्रेस प्रत्याशियों को शुभकमनायें देते हुए कहा कि पार्टी हाईकमान ने तीन सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। हरिद्वार और नैनीताल सीट पर शीघ्र प्रत्याशी तय किए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ प्रत्याशियों की जीत काम करेगी। प्रत्याशियों के चयन में पार्टी हाईकमान का फैसला सर्वोपरि है। सोमवार को नई दिल्ली में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी, जिसमें उत्तराखंड की सभी सीटों पर प्रत्याशियों के चयन को लेकर गहन मंत्रणा हुई थी। गढ़वाल सीट से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और अल्मोड़ा से पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा के नामों की अटकलें तो चल रही थीं लेकिन टिहरी सीट की कोई सुगबुगाहट नहीं थी। पार्टी द्वारा प्रत्याशियों के एलान से कार्यकर्ताओं में चल रही अटकलों पर विराम लग गया। बता दें कि उत्तराखंड में कुल पांच लोकसभा सीटें हैं। इससे पहले बीजेपी भी तीन सीटों पर अपने प्रत्याशियों के ऐलान कर चुकी है। बीजेपी ने 2 मार्च को एक लिस्ट जारी की थी, जिसमें नैनीताल, अल्मोड़ा और टिहरी से प्रत्याशियों की घोषणा की गई थी। बीजेपी ने नैनीताल से अजय भट्ट को, अल्मोड़ा से अजय टम्टा को और टिहरी सीट से माला



राज्य लक्ष्मी शाह को मैदान में उतारा है। उत्तराखंड में मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस के बीच माना जाता है। दोनों ही पार्टियों की तरफ से अब दो-दो प्रत्याशियों का एलान करना बाकी रह गया है। अल्मोड़ा संसदीय सीट पर एक बार फिर परंपरागत प्रतिद्वंदी आमने-सामने होंगे। भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा जीत की हैट्रिक बनाने के लिए चुनावी मैदान में संघर्ष करते दिखाई देंगे, वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप टम्टा जीतने के लिए फिर दमखम दिखाएंगे। राज्य बनने के बाद भाजपा से अजय टम्टा तो कांग्रेस से प्रदीप टम्टा दलित नेता के रूप में उभरते गए। पहले विधानसभा चुनाव वर्ष 2002 में कांग्रेस ने सोमेश्वर सीट से प्रदीप टम्टा को टिकट दिया, लेकिन अजय टम्टा टिकट की दौड़ में पिछड़ गए। भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा। पार्टी से अजय टम्टा की अदावत काम आई। वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव में सोमेश्वर सीट से भाजपा ने अजय टम्टा को टिकट दिया। वह चुनाव जीतने में सफल रहे और सरकार में मंत्री भी बने। वर्ष 2009 में अल्मोड़ा संसदीय सीट आरक्षित हुई। तब भाजपा-कांग्रेस ने अजय और प्रदीप पर ही भरोसा जताया। यह चुनाव कांग्रेस के प्रदीप टम्टा जीतने में सफल रहे। मोदी युग मे एक बार फिर अजय टम्टा की किस्मत पलटी। मोदी लहर में वह वर्ष 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव जीतने में कामयाब रहे। अब 2024 के चुनाव में लगातार चौथी बार अजय टम्टा और प्रदीप टम्टा अल्मोड़ा संसदीय सीट पर दोनों एक बार फिर आमने-सामने होंगे। उम्मीद है कि दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। कार्यकर्ता करते रहे नए चेहरे का इंतजार इस बार भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता चेहरे बदलने की डिमांड कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने इसके लिए शीर्ष नेतृत्व तक गुहार लगाई। लेकिन परिणाम कार्यकर्ताओं के अनुरूप नहीं आए। शीर्ष नेतृत्व ने फिर से दोनों दिग्गजों पर ही अपनी मुहर लगाई।

# गुनसोला पर कांग्रेस ने जताया भरोसा

देहारादून। टिहरी गढ़वाल संसदीय सीट पर कांग्रेस ने मसूरी विधानसभा सीट से दो बार विधायक रह चुके जोत सिंह गुनसोला पर विश्वास जताया है। वर्तमान परिस्थितियों में कांग्रेस के पैरामीटर पर वह फिट बैठे हैं। पार्टी संगठन के प्रति निष्ठा, स्वच्छ छवि, सादगी और जातीय समीकरणों ने उन्हें टिकट दिलाने में अहम भूमिका निभाई। गुनसोला को पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत का करीबी माना जाता है। वह क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। टिहरी सीट पर वर्ष 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं चकराता विधायक प्रीतम सिंह चौहान को प्रत्याशी बनाया था। प्रीतम सिंह चौहान के इस बार लोकसभा चुनाव लड़ने में असमर्थता जताने के बाद कांग्रेस को यहां विभिन्न समीकरणों के दृष्टिगत भाजपा से मुकाबले को दमदार प्रत्याशी की तलाश थी। यह पूर्व विधायक गुनसोला पर जाकर पूरी हुई, जिन्होंने टिकट के लिए दावा भी पेश किया था। किसी अन्य प्रमुख नेता की दावेदारी न होने का लाभ भी गुनसोला को मिला। मूल रूप से टिहरी जिले की प्रतापनगर तहसील के ग्राम म्यूंडा धरमंडल निवासी गुनसोला को अपने



सरल व्यवहार और स्वच्छ छवि के लिए जाना जाता है। वह मसूरी नगर पालिका परिषद के दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं। राज्य गठन के बाद मसूरी से वह पहले विधायक भी चुने गए। सत्ता विरोधी लहर के बावजूद लगातार दूसरी बार 2007 में भी वह यहीं से विधायक बने। इसके अलावा गुनसोला को कांग्रेस संगठन में निष्ठा के साथ काम करने का लाभ भी मिला है। जीवन परिचय नाम: जोत सिंह गुनसोला पिता का नाम : स्वर्गीय बीएस गुनसोलाजन्म : 10 फरवरी 1954 पत्नी : सोना देवी गुनसोला शिक्षा: स्नातक पता: गांधी चौक, मसूरी राजनीतिक जीवन- वर्ष 1988 और वर्ष 1997 में मसूरी नगर पालिका के अध्यक्ष चुने गए। वर्ष 2002 में राज्य के पहले विधानसभा चुनाव में मसूरी से विधायक बने -वर्ष 2007 में मसूरी सीट से ही दोबारा विधानसभा में पहुंचे। वर्ष 2019 में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष चुने गए। जोत सिंह गुनसोला ने टिकट मिलने पर कहा है कि पिछले 53 वर्ष से कांग्रेस पार्टी के लिए काम कर रहा हूं। पार्टी ने मेरे राजनीतिक और सेवा के अनुभव देखकर टिकट दिया है। इस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। संगठन बूथ स्तर तक अपना काम कर रहा है। इसलिए कांग्रेस इस सीट पर पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी। एक सेवक के रूप में एक-एक मतदाता को कांग्रेस से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# सक्रियता ने बनाई गोदियाल की राह आसान

पौड़ी। गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में लगातार सक्रियता, क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर मुखर रहना और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का करीबी होना गणेश गोदियाल के पक्ष में गया। कांग्रेस ने गढ़वाल संसदीय सीट से पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोदियाल पर ही दांव खेलना उचित समझा।गणेश गोदियाल अपने विनम्र और मिलनसार स्वभाव के कारण पार्टी में विशेष पहचान बनाने में सफल रहे हैं। श्रीनगर क्षेत्र के पूर्व विधायक गणेश गोदियाल वर्ष 2019 में भी गढ़वाल संसदीय सीट से टिकट के दावेदार थे। तब पार्टी हाईकमान ने चुनाव के अवसर पर कांग्रेस में सम्मिलित हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी के पुत्र मनीष खंडूड़ी को टिकट दिया था। उस दौरान भी पार्टी ने उन्हें मनीष को सहयोग देने को कहा, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट की दौड़ में मनीष खंडूड़ी और गणेश गोदियाल भी सम्मिलित रहे। मनीष के कांग्रेस छोड़ने के बाद गोदियाल की राह आसान हो गई। गढ़वाल संसदीय सीट विभिन्न प्रकरणों के कारण चर्चा के केंद्र में रहा। जोशीमठ में भूधंसाव हो या वनंतरा रिसॉर्ट की महिला कर्मचारी की हत्या



का मामला, गोदियाल इन मुद्दों को लेकर मुखर रहे। उन्होंने केदारनाथ मंदिर में सोने की परत चढ़ाने के मामले में भी बदरी-केदार मंदिर समिति को निशाने पर लिया। कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए भी गणेश गोदियाल के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से संबंध अच्छे रहे। वर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और संगठन के साथ भी उनका तालमेल ठीक माना जाता है। गोदियाल की यही सक्रियता गढ़वाल सीट पर टिकट के उनके दावे को मजबूत कर गई। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के साथ करीबी संबंध के कारण गोदियाल पिछले कुछ समय से हरिद्वार संसदीय क्षेत्र में भी उनके समर्थन में सक्रिय दिखाई दिए। राजनीतिक परिचय : वर्ष 2002 में थलीसैंण से रहे विधायक वर्ष 2012 में श्रीनगर से रहे विधायक जुलाई, 2021 में बने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अगस्त, 2023 से कांग्रेस कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्य जीवन परिचय आयु: 57 वर्ष निवासी: ग्राम बहेड़ी, पैठाणी, जिला-पौड़ी पत्नी: सुनीता गोदियाल पिता: स्वर्गीय सत्य प्रसाद शिक्षा: स्नातक। टिकट मिलने पर गणेश गोदियाल ने कहा है कि गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने का अवसर देने के लिए केंद्रीय नेतृत्व एवं पार्टी के सभी नेताओं का हृदय से आभार। पार्टी कार्यकर्ता भाजपा सरकार को आईना दिखाने के लिए मजबूती से कार्य करेंगे। खुले दिल से जनता की अदालत में जाकर भाजपा के विरोध में जनता से समर्थन मांगा जाएगा।'

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत से मचा कोहराम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना बिलासपुर निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम टेमरा फार्म थाना बिलासपुर रामपुर निवासी 25 वर्षीय कुलविंदर सिंह पुत्र मुख्तियार सिंह की गत सायं अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता लग सकेगा। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# अवैध शराब बनाते महिला गिरफ्तार

पंतनगर (उद संवाददाता)। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक महिला को भट्टी पर अवैध रूप एसे शराब बनाते कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसएसआई प्रियंका टम्टा साथी पुलिस कर्मियों कानि. जीवन चन्द्र , भूपाल सिंह व राजेंद्र कोरंगा के क्षेत्र में गश्त कर रही थीं। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम जे ब्लाक में एक झोपडी के पास पहुंची जहां घर के बाहर शराब की भट्टी चल रही थी। पुलिस टीम को देखकर वहां मौजूद महिला तेज कदमो से घर के अंदर जाने लगी तो पीछा कर उसे पकड़ लिया । पूछने पर उसने अपना नाम पता सूरजमणि पत्नी जीतेन्द्र निवासी जे ब्लाक पंतनगर बताया। उसका कहना था गरीब हूँ व परिवार चलने के लिए यह काम करती हूँ। पुलिस ने मौके से शराब बनाने के उपकरण, 20 लीटर अवैध कच्ची शराब, एक ड्रम, एक पतीला आदि सामान बरामद किया। मौके पर भारी मात्रा में लाहन नष्ट कर दी गई। पुलिस ने सूरजमणि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# एसडीएम ने अवैध खनन पर ट्रैक्टर ट्राली की सीज

सितारगंज(उद संवाददाता)। एसडीएम ने बिना प्रपत्र खनन ढो रही ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया। जब्त वाहन को प्रशासनिक टीम ने मंडी परिसर में खड़ा किया है। प्रशासन की कार्रवाई के बाद अवैध खनन करने वालों में हड़कम्प मच गया है। एसडीएम रविंद्र कुमार जुवांठा ने बुध्धवार को अवैध खनन परिवहन की रोकथाम को लेकर शहर से सटे पीलीभीत रोड पर उपखनिज ढो रहे ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। उन्होंने वाहन चालक से परिवहन सम्बधित प्रपत्र मांगे। जो मौके पर एसडीएम को नही दिखाए गए। जिसके बाद एसडीएम ने खनन सामग्री ढो रहे वाहन पर सीज की कार्रवाई की है। प्रशासन ने बिना प्रपत्र उपखनिज ढोने के मामले में करीब 24 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

## पेज एक का शेष...

**यूसीसी विधेयक पर...**यूनिफॉर्म सिविल कोड एक देश एक नियम के तहत काम करता है। इसके तहत सभी धर्म के नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, गोद लेना, विरासत और उत्तराधिकार जैसे कानूनों को एक कॉमन कानून के तहत नियंत्रित करने की बात कही गई है। फिर चाहे वो व्यक्ति किसी भी धर्म का क्यों न हो। मौजूदा समय में अलग-अलग धर्मों में इन्हें लेकर अलग-अलग राय और कानून हैं। यूनिफॉर्म सिविल कोड सबसे पहले ब्रिटिश सरकार के समय आया था जब ब्रिटिश सरकार ने सबूत, अपराध और अनुबंधों से संबंधित एक रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट में भारत की संहिताकरण की एकरूपता को लेकर जोर दिया गया। रिपोर्ट में ये भी कहा गया था कि हिंदू और मुस्लिम के व्यक्तिगत कानून संहिताकरण से बाहर रहे।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र माजिद उम्र 25 वर्ष एवं उसकी पत्नी अपनी मनमानी करते है। मेरी किसी भी आज्ञा का पालन नही करता हैं, मुझे तरह-तरह से सताते और दुखी करते है। मेरे द्वारा समझाने पर मेरे साथ मारपीट करते है। मै अपने पुत्र और उसकी पत्नी के कृत्यों से परेशान होकर उसे अपनी हर प्रकार की चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। आज के बाद मेरे पुत्र और उसकी पत्नी का मेरी किसी भी प्रकार की चल-अचल सम्पत्ति से कोई सम्बंध, वास्ता व सरोकार नही होगा।

हलीमन पत्नी श्री छिद्दा निवासी रेशम बाड़ी वार्ड न.-14, किच्छा रोड, रूद्रपुर जिला उधमसिंहनगर


**बाइक से बाइक की ...** की ओर लौट रहा था इसी दौरान आईटीआई थाना क्षेत्र में लोहिया पुल के समीप विपरीत दिशा से द्रुत गति से चली आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से मोटरसाइकिल की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। एक्सीडेंट की इस घटना में दोनों बाइक चालक बुरी तरह लहूलुहान हुए। सिर तथा आंख में गंभीर चोट होने के कारण दोनों बाइक चालकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक सचिन मां-बाप का इकलौता था। दूसरे मृतक की शिनाख्त पुलिस ने दढियाल टांडा जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी टीकाराम 55 वर्ष पुत्र कल्लू सिंह के रूप में की। बताया जा रहा है कि मृतक टीकाराम का एक मकान यहां आईटीआई थाना क्षेत्र के खड़कपुर देवीपुरा में निर्माणाधीन है। मृतक टीकाराम घटना के वक्त अपने पैतृक गांव से खड़कपुर निर्माणाधीन मकान की देखरेख के लिए आ रहा था लेकिन इसी बीच पीछा कर रही मौत ने उसे अपने चुंगल में ले लिया। मृतक टीकाराम के दो पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं। उसके सभी बच्चों की शादी हो चुकी है। ऐसे ही दुर्घटना की भेंट चढ़ा सचिन पुलिस में भर्ती की तैयारी में था। वह एक भाई और एक बहन है। इकलौता होने के कारण घर में कोहराम मचा है।

**घर में फांसी...**ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वास्तविकता सामने आयेगी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है । वहीं वैवाहिक समारोह की खुशियां भी भंग हो गईं।

**नौकरशाही की नसनस..**निर्माण कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई थी, पर टेंडर बिड डालने की प्रक्रिया से पूर्व ही अधिशासी अभियंता के कार्यालय में ठेकेदारों और अधिकारियों के गठजोड़ से टेंडर को लेकर पूल हो गया।जिसके एवज में सभी 40 ठेकेदारों को लगभग 44-44 हजार रुपए भी मिल गए ।सूत्र बताते हैं कि सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय परिसर में ही टेंडर पूलिंग की पूरी प्रक्रिया को ठेकेदारों द्वारा अंजाम दिया गया था। हालांकि अधिशासी अभियंता अपने कार्यालय के परिसर में ठेकेदारों की पूलिंग की बात को सिरे से खारिज करते हैं, लेकिन टेंडर वाले दिन के सीसीटीवी फुटेज की जांच करके दूध का दूध और पानी का पानी किया जा सकता है। जहां तक दूसरे मामले का सवाल है ? तो उपरोक्त मामला भी उधम सिंह नगर जिले के लोक निर्माण विभाग से संबंधित है।बताना होगा कि किच्छा क्षेत्र में चार सड़कों के निर्माण व पुननिर्माण का टेंडर पिछले माह आमंत्रित किए गए थे और निवदाओं के खुलने का समय दो मार्च रखा गया था, लेकिन निविदाएं निर्धारित तिथि को ना खोली जाकर 7 मार्च की शाम गिने-चुने निविदाकारों की उपस्थिति में खोली गई ,वो भी तब जब मामला मीडिया तक पहुंच गया। दूसरी ओर 07 की शाम टेंडर खुलने के बाद ठेकेदारों ने हंगामा कर दिया, कुछ ठेकेदारों का कहना था कि टेंडर खुलने की जानकारी उन्हें नहीं दी गई, उनका आरोप था कि विभाग के कुछ वर्षों से जमें अधिकारियों ने अपने चहेते ठेकेदारों को टेंडर देने के लिए पूरा खेल किया है। मजेदार बात यह कि लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रकाश लाल ने खबर लिखे जाने तक टेंडर प्राप्त करता ठेकेदारों के नाम उजागर नहीं किए थे ।जाहिर है कि इस पूरे मामले में कहीं ना कहीं कुछ तो झोल है। यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि उपरोक्त दोनों मामले तो नौकरशाही द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार बड़े छोटे से नमूने भर हैं। सच तो यह है कि सरकारी निवदाओं में नौकरशाह बड़े से बड़ा खेल कर देते हैं और सरकार को इसकी भनक तक नहीं लग पाती। होता यह है कि कुछ पुराने अधिकारी ठेकेदारों से मिलकर निर्धारित तिथि के बाद भी उनके टेंडर शामिल करते हैं,और फिर पूल करके टेंडर अपने चहेते ठेकेदारों को मन माफिक दर पर दे देते हैं ।जिसके परिणाम स्वरुप सरकार को मोटा नुकसान होता है


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जय गुरूदेव इंडस्ट्रीज सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित

## पंतनगर कृषि विवि में आयोजित किसान मेले में कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गोबिंद बल्लभ पंत कृषि विश्व विद्यालय में आयोजित 115 वें चार दिवसीय ऑल इंडिया फामर्स फेयर एंड एग्रो इंडस्ट्रीयल एक्सबीशन 2024 किसान मेले के समापन समारोह अवसर पर सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए रूद्रपुर की प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाई जय गुरूदेव इंडस्ट्रीज को सम्मानित किया गया। संस्थान के प्रबंध निदेशक अरविंद गुम्बर व उनकी टीम में शामिल दिवाकर, सविता, पलक, वंदना, राहुल व मिहिर को विश्व विद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह ने ट्राफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब हो कि गोबिंद बल्लभ पंत कृषि विश्व विद्यालय में पिछले कई वर्षों से आयोजित हो रहे किसान मेले में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए रूद्रपुर की प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाई जय गुरूदेव इंडस्ट्रीज को सम्मानित किया जा रहा है। संस्थान के प्रबंध निदेशक अरविंद गुम्बर ने बताया कि संस्थान द्वारा पिछले कई वर्षों से आधुनिक तकनीक पर आधारित कृषि यंत्रों का निर्माण किया जा रहा है। इतना ही नहीं इन यंत्रों के बेहतर उपयोग के लिए किसानों को विस्तार से प्रशिक्षण भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्थान का हमेशा यही प्रयास रहा है कि किसानों को कम मूल्य पर आधुनिक तकनीक के कृषि उपकरण उपलब्ध हों जिससे वह अपनी उपज को और अधिक बढ़ा सकें।



# हादसे में घायल दुग्ध कारोबारी की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। अनियंत्रित डंपर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए दुग्ध कारोबारी की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। बता दें की चौती गांव थाना आईटीआई निवासी सुखविंदर सिंह 39 वर्ष पुत्र गुरु नाम सिंह बीते 17 फरवरी को मोटरसाइकिल पर सवार होकर दूध देने डेरी जा रहे था इसी दौरान मार्ग में चौती मोड़ के समीप बजरी से ओवरलोड डंपर संख्या यूपी 38 टी/7462 के चालक ने तेजी व लापरवाही से दुग्ध कारोबारी के मोटरसाइकिल में साइड से टक्कर मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। एक्सीडेंट में घायल युवक को बेहद नाजुक हालत पर उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए मंगलवार शाम उसने दम तोड़ दिया। मृतक के एक 11 वर्ष की पुत्री जसप्रीत कौर तथा 7 वर्ष का पुत्र प्रभजोत है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है। बजरी से ओवरलोड डंपर लेकर सड़क पर फर्राटा भर रहे आरोपी ट्रक चालक को घटना के वक्त स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया था। मृतक परिजनों का कहना है कि उसे पुलिस के सुपुर्द किए जाने पर जमानत मिल गई थी लेकिन अब जबकि घायल दुग्ध कारोबारी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया ट्रक चालक की मुश्किलें काफी बढ़ गई है।



# अमरेश चंद बने रेलवे में टेक्निकल असिस्टेंट

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में सेना और पुलिस से रिटायर्ड अधिकारियों द्वारा संचालित मौर्य एकेडमी इस क्षेत्र में सर्वाधिक रिजल्ट देने वाली एकमात्र ऐसी एकेडमी है जहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में चयनित होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। एकेडमी डायरेक्टर आनंद कुमार ने बताया कि मौर्य एकेडमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर अमरेश चंद्र वर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम रुस्तमपुर जिला बलिया उत्तर प्रदेश ने रेलवे



भर्ती के ग्रुप डी की परीक्षा पास कर टेक्निकल असिस्टेंट के पद पर चयनित होकर अपना और इस एकैडमी का नाम रोशन किया है।अमरेश चंद्र वर्मा का रेलवे में चयन होने पर एकेडमी डायरेक्टर आनंद कुमार ने अमरेश चंद्र वर्मा को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया और एकेडमी में मिष्ठान वितरण किया गया। एकेडमी के डायरेक्टर आनंद कुमार एवं समस्त स्टाफ और एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने इनको शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अब्दुल्ला और खुशबू फातिमा ने रखा पहला रोजा

## उम्र भले ही छोटी उत्साह नहीं है कम, छोटे बच्चे भी शिद्दत से रख रहे रोजा

गदरपुर(उद संवाददाता)। 30 दिनों तक चलने वाला रमजान मंगलवार से शुरू हो गया है पहले ही दिन मजरा शीला निवासी वर्तमान निवासी वार्ड नंबर 5 गदरपुर के शाकिर अली की 6 साल के बेटे जैन अब्दुल्ला और 9 साल की बेटी खुशबू फातिमा ने अपना पहला रोजा रखा है दोनों बच्चे रोजा रख कर बहुत खुश हैं और अल्लाह की इबादत कर रहे हैं उनके घर वालों ने बताया कि शाम में यह लोग अजान होने के बाद खजूर और पानी से रोजा खोलेंगे और गरीबों में इफ्तार बांटी जाएगी वही बच्ची खुशबू फातिमा ने बताया कि रोजा रखने से अल्लाह खुश होते हैं इसलिए हम दोनों भाई बहन ने भी रोजा रखा है बच्चों ने बताया कि रमजान के माह में रोजा रखने से अल्लाह हर एक नेकी के बदले 70 नेकियां का सबाब आता फरमाते हैं इसलिए हमने रोजा रखा है खुशबू



फातिमा ने बताया कि इफ्तार के समय घर वालों के साथ इफ्तार करना और सुबह में उठकर शहरी करना अच्छा लगता है कहीं ना कहीं घर के बड़ो को रोजे रखकर देखकर भी बच्चों के अंदर रमजान रखने की उत्साह होता बढ़ती है खुशबू फातिमा के पिता शाकिर अली ने बताया कि घर के बच्चों ने बड़ों को देखकर रोजा रखना शुरू किया है परिवार में और भी कई बच्चे हैं जो रोजा रखते हैं वही जैन अब्दुल्ला की अम्मी हुमा जरीन ने बताया की घर में जब बड़े रोजा रख कर खुद की इबादत कर रहे हैं ऐसे में मासूम बच्चे भी जब उन्हें देखते हैं तो उनसे प्रेरित हो ही जाते हैं आज मेरे दोनों बच्चों ने पहला रोजा रखा है मैं बहुत खुश हूंवही खुशबू फातिमा की दादी अमीर जहां ने बताया कि मेरे परिवार के और बच्चे भी रमजान रखते हैं लेकिन इस बार सबसे छोटे बच्चे जैन अब्दुल्ला और खुशबू फातिमा ने रमजान रखा है मैं दिल से बहुत खुश हूं और अल्लाह से दुआ करती हूं मेरे सभी बच्चों नेक रास्ते पर चलें जैन अब्दुल्ला से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि वह आखिर तक रोजे रखना चाहते हैं पहले रोज को लेकर परिजन खुश हैं।

# ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र से दो बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में अलग अलग स्थानों से दो मोटरसाईकिलें चोरी कर लीं। दोनों घटनाओं की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट मे ंआवास विकास कालोनी निवासी धीरज सिंह पुत्र रघुवीर सिंह ने कहा है कि 8 मार्च को रात्रि 11 बजे काम से वापस आकर उसने अपनी मोटर साइकिल संख्या यूके 06 एडी 0933 को अपने निवास के सामने खड़ी करी। सुबह उठने पर देखा उसकी मोटर साइकिल वहां नहीं थी। वहीं एक अन्य मामले में समीर घोष पुत्र विमल घोष निवासी ए ब्लॉक ट्रांजिट कैम्प मूल निवासी वार्ड न0 16. आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी का कहना है कि 24 फरवरी की रात्रि वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एए 2807 पर सवार होकर अपनी बहन कृष्णा दास गुप्ता की विवाह सालगिरह पर उनके घर आस्था जूनियर हाईस्कूल शिवनगर गया था। मोटर साईकिल आस्था स्कूल के बाहर खड़ा कर लॉक लगा दिया। बहन के घर से बाहर आया तो देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी। आस पास बहुत तलाश की परंतु नही मिली जो कि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी थी। पुलिस ने दोनों मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मासूम बच्चे के साथ विवाहित लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र से विवाहित मासूम बच्चे के साथ बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब विवाहिता का पता लगाना शुरू कर दिया।



जानकारी के मुताबिक ग्राम कुंडेश्वरी काशीपुर निवासी उत्तम दास की 21 वर्षीया पत्नी सोनम बीते 10 मार्च की सुबह लगभग 9:30 बजे अपने 3 वर्षीय पुत्र राजवीर को लेकर परिजनों को बगैर बताए घर से कहीं चली गई। काफी देर तक वापस घर न लौटने पर परिजनों को इसकी चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर विवाहिता की तलाश किया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। पुलिस ने घटना के 48 घंटे बाद तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर विवाहिता का पता लगाना शुरू कर दिया।

# बाहरवाली के चक्कर में पत्नी से मारपीट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रामपुरा निवासी एक महिला ने अपने पति पर किसी युवती से प्रेम संबंधा रखने और विरोध जाने पर उससे मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी हिन्दू रिति से हुई थी। लेकिन उसका पति आये दिन उसके साथ गाली गलौच व मारपीट एंव तरह अत्याचार करता है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति एक लड़की के साथ अवैध सम्बन्ध बनाकर रह रहा है। जिसके चक्कर वह उसके साथ मारपीट करता है। कई बार उस पर जान लेवा हमला कर चुका है। पति उसे मारपीट कर घर से निकाल कर उक्त युवती को रखना चाहता है। उसके सुसर सीधे सादे है वो अगर कुछ बोलते है तो पति उनसे भी गाली गलौच करता है। पीड़िता का कहना है 11 मार्च को उसका पति उक्त युवती के साथ लेक पराडाईज पर घुमने गया था। जब उसे पता लगा तो उसने अपने पति का विरोध किया। जिस पर पति ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट की जिससे उसके मुहें पर काफी खुली चोटे आयी है। पति उसे जान से मार रहा था। बड़ी मुश्किल से अपने आप को छुटाकर भागी। उसे पति से जानमाल का खतरा बना हुआ है।

